संक्षिप्त

कन्हैया लाल मीणा मंडल प्रभारी नियुक्त

चाकसू, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच व प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया के निर्देशानुसार जयपुर देहात दक्षिण के विभिन्न मंडलों में जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर की सहमति से मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिसमें बस्सी के पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा को शिवदासपुरा मंडल, जिला उपाध्यक्ष बृजेश लाटा को बस्सी नगर मंडल, राकेश खंडेलवाल को चाकसू नगर मंडल चाकसू देहात बाबूलाल मीना सहित जिले के सभी 32 मंडलों में वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रभारी बनाया गया है।

रक्तदान शिविर का आयोजन आज

फुलेरा, (निसं)। कस्बे में पिछले तीन वर्षों से संचालित संस्था गौ-जल सेवा परिवार की तृतीय वर्षगांठ पर 19 जून रविवार को प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संस्थापक अमर चन्द सैनी ने बताया कि उक्त प्रथम विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गौ सेवा परिवार से जुडे श्रीरामनगर निवासी दिवंगत अभिषेक के जन्मदिवस पर गौ-जल सेवा परिवार, श्रंगार हर्बल ब्यूटी पार्लर एवं त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श कॉलोनी बिचून सङक स्थित त्रिवेणी स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

ग्रीष्मावकाश समर कैंप संपन्न

खैरथल,(निसं)। स्थानीय इन्दिरा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रीष्मावकाश के दौरान आयोजित किए गए समर कैंप का शनिवार को समापन किया गया। संस्था के निदेशक पंकज खुराना ने बताया कि 19 मई से 18 जून तक के इस समर कैंप में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिससे विशेषज्ञों द्वारा कंप्यूटर, इंग्लिश स्पीकिंग, विभिन्न डांस और योगा आदि का प्रशिक्षण दिये जाने के अतिरिक्त अनुशासन का महत्व, संस्कृति व संस्कार हमारी विरासत का अध्ययन कराया गया ताकि बच्चों के मनोबल को सुदृढ़ करने के साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ सके। इस दौरान प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें दीवानगी व लक्ष लालवानी डांस में प्रथम स्थान पर रहे।

चावंड माता मंदिर में लगाया भंडारा

राजगढ़। अलवर कस्बे के उप अधीक्षक कार्यालय के समीप चावंड माता मंदिर में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व श्रद्धालु महिला पुरुषों की मौजूदगी में मंदिर परिसर पर भव्य सजावट की गई एवं पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। शनिवार को दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालु महिला पुरुषों का जमावड़ा लगा रहा। चावंड माता मंदिर में भजन पूजन के साथ आने के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। मंदिर परिसर के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया।

शहर में बढ़ती चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

मालपुरा, (निसं)। स्थानीय पुलिस व प्रशासन द्वारा शहर में रात्री गश्त व सिगमा बाइक से निगरानी के दावों को ठेंगा दिखाते हुए शुक्रवार की रात को चोरों ने सरकारी अस्पताल गौरव पथ पर मुख्य सड़क किनारे जांच लैब का शट्टर तोड़ नगदी चोरी सहित आवासीय कॉलोनी में मकान के ताले तोड़ने की वारदात को अंजाम दिया।

बीते दो माह में मालपुरा शहर में एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों तथा बीते छह माह से शहर में सक्रिय हुए वाहनों से डीजल व पैट्रोल

■ जांच लैब व सूने मकान के टूटे ताले, व्यापारियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

चोर गिरोह पर अंकुश लगाने में स्थानीय थाना पुलिस अब नाकाम साबित हो रही है। शहर में रात्री गश्त व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने तथा व्यवस्थाओं में माकूल सुधार के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाये जाने से चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

चोरी की वारदातों में शट्टर तोड़ने तथा वाहनों के पाइप काटने का तरीका एक सा होने के साथ-साथ सामान चोरी के बजाय नगदी चोरी की हो रही वारदातों में शहरवासियों ने स्थानीय चोरों का हाथ होने का अनुमान लगाया है। साथ ही शहर में देर रात तक खुल

चोरों ने सरकारी अस्पताल गौरव पथ पर मुख्य सड़क किनारे जांच लैब का शटर तोड़ दिया।

रहे शराब ठेकों तथा नियमों के विपरीत पुलिस से बैखोफ होकर बेची जा रही शराब के चलते शहर में रातभर शराबी व असामाजिक तत्वों की चहलकदमी होना भी चोरी की वारदातों का कारण प्रतिक हो रहा है।

शुक्रवार की रात 1 बजे तक मीडियाकर्मियों द्वारा शहर में रात्री गश्त की गई पड़ताल में सामने आया कि रात 1 बजे तक ना तो शहर में पुलिस का गश्ती दल व सिगमा बाइक नजर आई और ना ही मुख्य बाजार व चौराहों पर पुलिस जाप्ता नजर आया।

शुक्रवार की रात को अस्पताल रोड डॉ. बीलाल जांच लैब का शट्टर तोड़ नगदी चुराने व शास्त्री नगर आवासीय कॉलोनी में सूने मकान के ताले टूटने व दूदू रोड बृजलाल नगर आवासीय कॉलोनी में बाबूलाल कुमावत के मकानक के बरामदे में लगी ट्यूबैल की 200 मीटर विद्युत केबल को भी काट ले गये चोर। वहीं जय हनुमान कॉलोनी निवासी गौरव पुत्र ओमप्रकाश सोनी व शास्त्री नगर निवासी कृष्ण पुत्र रामप्रसाद वर्मा की कार के पाइप काट चुरा ले गये पैट्रोल की वारदात से सहमे व्यापारियों ने जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को ज्ञापन सौंप लचर गश्त व्यवस्था व पुलिस की शिथिलता पर कड़ी नाराजगी जता गश्त बढ़ाने व चौराहों पर जाप्ता लगाने व सरकारी अस्पताल के सामने रिक्त पड़े भवन में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की।

शुक्रवार की रात आए तेज अंधड़ से विद्युत लाइनों पर गिरी पेड़ों की टहनियां

निवाई, (निसं)। शुक्रवार देर शाम तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से क्षेत्र में पेडों की टहनियां टूट कर विद्युत तारों पर गिर गई जिसके चलते कई गावों की विद्युत आपूर्ति रातभर बन्द रही।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम गुन्सी एवं आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। तेज हवाओं से ग्राम मनमोहनपुरा के पास पेड़ों की टहनियां टूट कर विद्युत लाइन पर गिर गई जिसके चलते विद्युत लाइन में फाल्ट

■ कई गांव रातभर रहे अंधेरे में

आ गया। इसी प्रकार राधागोविन्दपुरा में भी विद्युत लाइन में फाल्ट आ गया। जगह जगह विद्युत लाइनों में आए फाल्ट के चलते गुंसी एवं लुहारा फीडर के करीब दर्जनभर गांव में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। इस दौरान ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह लाइनमेन शमशेर अली खान ने पेट्रोलिंग टीम के साथ विद्युत तारों पर गिरे पेड़ों को हटाया और विद्युत आपूर्ति बहाल करवाई।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत ललवाड़ी में लगभग 1 महीने पहले आंधी तूफान आया था जिसमें रूप कंवर के कुएं की डीपी पर पोल टूटकर गिर गया था। बिजली के तार टूट कर नीचे गिर गये थे जिससे थ्री फेज की लाइट बंद हो गई थी। लगभग 1 महीने गुजर जाने के बावजूद भी लाइन को सही नहीं किया गया है।

सार-समाचार

पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शहर में अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर शुक्रवार हुए उग्र तथा हिंसक प्रदर्शन के बाद शहर के व्यापारी तथा आमजन उपद्रवियों के चलते सहमा हुआ था। श्रीमाधोपुर शहर के संपूर्ण बाजार को खुलवाने को लेकर पुलिस ने आरएसी के जाब्ते के साथ रेलवे स्टेशन से मुख्य बाजार होते हुए संपूर्ण बाजार में फ्लैग मार्च निकाला। आरएसी के जवानों ने एसआई सुभाष चंद्र यादव के नेतृत्व में अस्पताल चौराहा सुराणी बाजार खंडेला बाजार सीकर बाजार गौशाला रोड पर फ्लैग मार्च निकालकर व्यापारियों को निडर होकर व्यापार करने का आव्हान किया। वहीं एसडीएम कार्यालय में नीमकाथाना एडीएम अनिल महला ने श्रीमाधोपुर शहर के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों को बुलाकर उनकी अति आवश्यक बैठक लेकर उनसे चर्चाएं की। व्यापारियों से चर्चा करते हुए एडीएम ने कहा कि श्रीमाधोपुर शहर में जो घटना घटित हुई है वह बहुत ही गलत है। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके इसके लिए हमें सबको सजग रहना होगा तथा किसी भी प्रदर्शनकारी संगठन या उपद्रवियों के द्वारा जबरन बाजार को यदि बंद करवाया जाए तो उस समय उनका डटकर सामना करें और तत्काल प्रशासन को इसकी सूचना दें। साथ ही में शहर में संचालित डिफेंस एकेडमी तथा कोचिंग संचालकों की भी बैठक लेकर उन्हें पाबंद किया कि कोचिंग में केवल बच्चों को शिक्षा का पाठ ही पढ़ाएं और शिक्षा के साथ-साथ उन्हें सामाजिक शिक्षा देने का भी कार्य करें। बैठक के दौरान रींगस डिप्टी सुरेंद्र कुमार एसडीएम तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत विकास अधिकारी हरि सिंह चारण सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

उमंग उत्सव के दौरान प्रतियोगिता हुईं

किशनगढ़ बास, (निसं)। राजकीय कृषि महाविद्यालय में उमंग 2022 कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन शनिवार को रंगोली, चित्रकारी, वाद विवाद, सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक व राजस्थान सरकार में किसान आयोग के उपाध्यक्ष दीपचंद खैरिया ने किया। कॉलेज अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ. राकेश समोरिया ने बताया कि बास कृपाल नगर राजकीय कृषि महाविद्यालय में आयोजित उमंग 2022 उत्सव कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन शनिवार को रंगोली वाद विवाद सांस्कृतिक प्रतियोगिता में रीना चौधरी हितेश चौहान सुमन मोनिका दीपांशु सूरज सचिन आदि ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल टीम में डॉ शशि वर्मा डॉक्टर बीआर बाज्या डॉक्टर सुभाष चंद्र अरविंद ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति के आधार पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर चयन किया।

सरकारी हैंडपंप पर अतिक्रमण कर निजी मोटर लगाई

टोंक, (निसं)। ग्राम पंचायत गैरोली के गांव मुगलाना में सरकारी हैडपंप पर अतिक्रमण कर निजी मोटर डालने की शिकायत एक व्यक्ति ने जिला कलेक्टर से की है। ग्राम पंचायत दूनी के गांव के मुगलाना निवासी कालूराम मीना पुत्र चतुर्भुज मीना ने बताया कि ग्राम मुगलाना में रामलाल मीना व रतन लाल मीणा ने आम रास्ते में लग रहे सरकारी हैडपंप को हटाकर उसके पाईप निकाल कर जगह पर अतिक्रमण करके अपनी निजी मोटर डालकर अपने घरों में पानी ले जा रहे और आसपास के पडौसी को पानी नहीं भरने दे रहे हैं और पड़ौसियों को दो किमी. दूर से पानी कुंए से लाना पड रहा है और जानवरों के लिए भी पानी की समस्या है। ग्राम पंचायत सरपंच सीताराम भील को भी कई बार अवगत कराया दिया, परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिला कलेक्टर से मांग की है कि आरोपियो पर कार्यवाही कर सरकारी हैडपंप को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएं।

जन्मदिवस पर रक्तदान किया

कोटपूतली। रक्तमणि अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय श्री कृष्णा अस्पताल के ब्लड बैंक में विकास वर्मा के जन्मदिवस पर अमित यादव पुत्र बृजमोहन यादव निवासी मौहल्ला बडाबास, गिरिराज नायक पुत्र गजानन्द नायक निवासी वार्ड नं. 21 व विकास वर्मा निवासी कोटपूतली ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस मौके पर अभियान संयोजक मुकेश गोयल ने कहा कि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा किया गया रक्तदान युवा वर्ग को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान पं.स.स. प्रतिनिधि धर्मपाल गुर्जर, योगाचार्य राजेश लखेरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बारिश से किसानों के खिले चेहरे

मंडावरी, (निसं)। क्षेत्र में शनिवार को दोपहर बाद हुई तेज बारिश से एक तरफ जहां आम लोगों को तेज गर्मी व उमस से राहत मिली तो दूसरी ओर किसानों के चेहरे भी खिले हुए दिखाई दिए हैं। शनिवार को क्षेत्र में रुक-रुक कर दो से तीन बार हुई बारिश ने गर्मी एवं उमस को कम कर दिया। वही खाली पडे खेतों में बारिश का पानी पर्याप्त रूप से आने के बाद अब किसान खेत में जुताई एवं बुवाई का कार्य शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि इस तरह लगातार बारिश हुई तो पर्याप्त बारिश के चलते बुवाई एवं जुताई का रकबा भी बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं। बारिश के बाद किसानों को खेत में जुताई व बुवाई कार्य करने वाले ट्रैक्टर आदि संबंधित लोगों से भी संपर्क साधते देखा गया।

जिला कलेक्टर ने अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य समिति की बैठक ली

मालपुरा, (निसं)। राजकीय सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र के औचक निरीक्षण पर पहुंची जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने अस्पताल का निरीक्षण कर भर्ती वार्डों में बेड टू बेड पहुंच मरीजों से अस्पताल में मिल रहे उपचार व चिकित्सा व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया।

भर्ती मरीजों ने अस्पताल में बेड का अभाव होने के चलते टेबिल पर उपचार करवाने की विवशता सहित भीषण गर्मी से राहत के लिए वार्डों में पर्याप्त कूलर के अभाव सहित प्रशिक्षु नर्सिंगकर्मी द्वारा मरीजों को उपयोग शाला बना असहनीय चिकित्सा उपचार किये जाने की शिकायत की गई। जिस पर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक यादव ने पर्दा डालते हुए जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री स्वाथ्य बीमा योजना पैकेज में भर्ती मरीजों से संवाद व रिपोर्ट में उलझाये रखा। निरीक्षण के दौरान आधा दर्जन से अधिक गंभीर रोग से ग्रसित मरीजों को स्वास्थ्य बीमा योजना पैकेज

■ सीएम स्वास्थ्य बीमा योजना पर रहा फोकस

का लाभ नहीं मिलने की जानकारी सामने आने पर जिला कलेक्टर ने पैकेज का आंकडा बढ़ाने के निर्देश दिये। तो प्रसुता वार्ड में भर्ती प्रसुता महिलाएं व नवजात शिशु गर्मी से विचलित नजर आये। कलेक्टर ने वार्ड मे कूलर व एसी सहित एरजास्ट फैन लगाने व शौचालयो में सफाई के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने डेढ करोड की लागत से निर्मित ऑक्सीजन प्लांट व दो साल से बंद पड़ी केन्टीन की सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते हुए जिला कलेक्टर ने परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, कोविड टीकाकरण, स्वास्थ्य बीमा योजना, एनिमिया मुक्त अभियान आदि पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर व अधिकारियों ने प्रतिभावान बच्चों से किया संवाद

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत राहोली में आयोजित प्रशासन गांवों के संग फॉलोअप कैम्प के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयीं जिला कलेक्टर चिन्यम गोपाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने राहोली के सेकेण्डरी व सीनियर सैकंडरी बोर्ड में पंचायत स्तर पर प्रथम तीन स्थानों पर आये प्रतिभावान बच्चों से मुलाकात की व संवाद किया।

प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि इस अवसर पर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने प्रतिभावान बच्चों से फ्यूचर प्लान तैयार कर आगे की तैयारी करने को कहा। उपखंड अधिकारी त्रिलोक चन्द मीना व विकास अधिकारी डॉ. सरोज बैरवा ने भी बच्चों से संवाद किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि सैकेण्डरी बोर्ड में अभिषेक कुमार बैरवा ने 90.17प्रतिशत, कुन्दन चावला ने 83.17 प्रतिशत, आदिल खान ने 81.33प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सीनियर सैकंडरी कला वर्ग में प्रथम

ग्राम पंचायत राहोली में आयोजित फॉलोअप कैम्प के अवसर पर जिला कलेक्टर चिन्मय गोपाल ने प्रतिभावान बच्चों से मुलाकात की।

मेघराज मीणा ने 89.20 प्रतिशत, चन्दा शर्मा ने 89 प्रतिशत, गरिमा सैनी ने 85.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार सीनियर सैकंडरी विज्ञान वर्ग में उर्मिला सैनी ने 85.80 प्रतिशत, कुसुम मीणा ने 83.80 प्रतिशत, अभिषेक मीणा ने 79.80 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना बंसन,ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति ओमप्रकाश गौतम ,शिक्षक प्रेमचंद बैरवा,पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल अटल, संरपच प्रतिनिधि राजूलाल मीणा सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

'कथावाचक के खिलाफ राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान'

अलवर, (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा के नेतृत्व में 3 जून को प्रतिनिधिमंडल ने अलवर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जाति पूछ कर दलित परिवार के भोजन को कुत्तों और जानवरों के लिए कूडे में फेंक देने वाले भागवत कथावाचक के खिलाफ कडी कानूनी कार्यवाही की मांग की। मुख्यमंत्री, पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अनुसूचित जाति आयोग एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को भी इस घटना का तुरंत संज्ञान लेकर कडी कानूनी कार्यवाही के लिए ज्ञापन भेजे गए है। जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया, जिस पर संज्ञान लेने के उपरांत भागवत कथावाचक राकेश कुमार शर्मा के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में शिवाजी पार्क थाना में मुकदमा दर्ज हो गया है। कथावाचक को गिरफ्तार किया, जेल भी जाना पड़ा। अब राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने भी संज्ञान ले लिया है, जिससे मामले की गंभीरता साबित होती है। दलितों का अपमान एवं अत्याचार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही से बेहतर समाज बनेगा। डीएसएमएम का पुरजोर मानना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। कथावाचक का यह कृत्य हिंदू समुदाय में जाति के आधार पर आज भी व्याप्त छुआछूत एवं ऊंचनीच की घृणित मानसिकता का ज्वलंत सबूत है। डीएसएमएम कार्यकर्ता सहित दलित समुदाय कथावाचक के जाति घृणा के इस कृत्य से अपमानित महसूस कर रहे हैं तथा गहरे आक्रोश में हैं।

बैठक आज

पावटा। रैगर समाज विकास संस्था के नेतृत्व में सत्ताईसा रैगर समाज द्वारा चूना फैक्ट्री के पास ड्रीमलाइन पावटा में रविवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक एक बैठक का आयोजन किया जायेगा। सपतराम जाजोरिया ने बताया कि बैठक का आयोजन समाज को शिक्षा की ओर ले जाने और समाज को आर्थिक रूप से मजबूत करने सहित समाजोत्थान के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करने के लिए किया जायेगा। जिसके लिए समाज के सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है।

इस्टर्न कैनाल योजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर भरी हुंकार

लालसोट, (निसं)। किशोरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा ग्राम में बिजासन माता मंदिर परिसर के पास शनिवार को ईस्टर्न कैनाल योजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग एवं पूर्वी राजस्थान को इस योजना से जोड़ने की मांग को लेकर प्रदेश भर से जुटे लोगों द्वारा महापंचायत में हुंकार भरी गई।

महापंचायत समाप्त होने के बाद ईआरसीपी ईस्टर्न कैनल योजना को पूर्वी राजस्थान के सभी जिलों से जोडने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मोहर सिंह मीणा को इस कार्यक्रम व अन्य समितियों से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पूर्वी राजस्थान के खासकर 13 जिलों में भूमिगत जलस्तर कम होने से किसानों को सिंचाई का पानी एवं आम लोगों को पेयजल मुश्किल से उपलब्ध हो पा रहा है। इस जल संकट को देखते हुए पूरे राजस्थान के प्रमुख बांधों में पानी लाने की व्यवस्था की जाए ताकि जल संकट से निजात मिल सके। ईस्टर्न कैनाल योजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने की मांग को लेकर महापंचायत के दौरान मुख्य वक्ताओं द्वारा साफ-

ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने व विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

साफ एवं सधे हुए शब्दों में कहा गया कि इआरसीपी को लेकर किसी भी प्रकार की कोई राजनीति नहीं की जाएगी ना ही किसी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि को विशेष तौर पर इस संघर्ष की बागडोर सौंपी जाएगी।

ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना में तब्दील कराने एवं पूर्वी राजस्थान के सभी जिलों को इस योजना से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने के लिए जन जागरूकता पैदा करने के सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। सामूहिक तौर से सभी जागरूकता का प्रयास करते हुए ईस्टर्न कैनाल योजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए एवं पूर्वी राजस्थान के करीब 13 जिलों को केनाल परियोजना से जोडने के लिए जनजागृति का प्रयास कर जनप्रतिनिधियों को भी इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर पूर्वी राजस्थान को इस परियोजना से जोड़ने के लिए दबाव बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

महापंचायत के बड़े रूप को देखते हुए मंडावरी लालसोट एवं आसपास के

■ किशोरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा ग्राम में आयोजित महापंचायत में प्रदेशभर से लोग जुटे

थानों की पुलिस जाब्ते को भी सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया गया। महापंचायत आयोजन समिति से जुड़ी महिला नेत्री प्रमुख समाजसेवी राजेश्वरी मीणा एवं स्थानीय सरपंच हरिओम मीणा द्वारा प्रदेश भर से आए लोगों का आभार व्यक्त किया। महापंचायत के दौरान ईस्टर्न कैनाल परियोजना संघर्ष समिति के अध्यक्ष जवान सिंह मोहचा, बनवारी साथा, विक्रम सिंह मीणा, जिला परिषद सदस्य नरेश बेपलावत, सूरतपुरा सरपंच कांनजी मीणा, रामजीलाल गांधी एडवोकेट मानसिंह मीणा, मोरा सागर संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्यारेलाल डीलर, आदिवासी मीणा महासंघ के अध्यक्ष केसी घुमरिया, एसटी एससी ओबीसी माइनॉरिटी संघ के अध्यक्ष राजपाल मीणा, सरपंच डिडवाड़ा पिंटू चेची, मोहर पाल मीणा आदि मौजूद रहे।

बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

निवाई, (निसं)। शनिवार की शाम मानसून पूर्व की झमाझम बारिश ने क्षेत्र को तर-बतर कर दिया। लगभग 30 मिनट हुई बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। पिछले दो दिन से मौसम में बदलाव शुरू होने के साथ ही आकाश में काले घने बादल मण्डराने लग गए थे। दो दिनों में लगातार शाम के समय बूंदाबांदी हुई जिससे कई महिनों से भीषण गर्मी से त्रस्त लोगों व अन्य जीवों को राहत मिली। साथ ही तापमान में भी भारी गिरावट आई। शनिवार को दिनभर धूप रही। दोपहर बाद आकाश में बादल मण्डराना शुरू हो गए और शाम के समय घने काले बादलों से आकाश अट गया। करीब 6 बजे अचानक शुरू हुई बूंदाबांदी तेज बारिश में बदल गई। मानसून से पूर्व की यह पहली झमाझम बारिश है। बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया तथा ठण्डी हवा चलने से गर्मी से काफी राहत मिली।

छात्रा को किया सम्मानित

कोटपूतली। स्थानीय मौहल्ला बड़ाबास स्थित मानवस्थली सी. सै. स्कूल की वार्ड नं. 27 निवासी छात्रा संजना पुत्री रोहिताश शर्मा को 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत विधानी पंचायत समिति सांगानेर जयपुर

क्रमांक/272 दिनांक: 10.06.2022

ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 03/2022-23

ग्राम पंचायत विधानी में राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाइन दरें ई- प्रोक्योरमेंट पद्धति से आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड/ अपलोड किया जा सकता है ।

NIB No PEZ2223A0020 UBN NO PEZ2223WSOB00019 TO 00024

सरपंच ग्राम पंचायत विधानी — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत विधानी

कार्यालय ग्राम पंचायत दादिया पंचायत समिति सांगानेर जयपुर

क्रमांक/ग्रा.पं./63 निविदा सूचना संख्या 1-2/2022-23 दिनांक:- 15.06.2022

ग्राम पंचायत दादिया में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत इच्छुक वाणिज्य कर विभाग में जी एस टी पंजीकृत फर्मो/ संवेदको से निर्माण सामग्री आपूर्ती एवं हैण्डपंप/ सिंगल पोईट निर्माण का दर अनुबंध पंचायतवार करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेंट प्रकिया से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 27.06.2022 समय सांय 5 बजे तक ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/ अपलोड की जा सकती है।

सामग्री आपूर्ती NIB No PEZ2223A0015 UBN NO PEZ2223GLSOB00015

हैंडपंप/ सिंगल पॉईंट NIB NO PEZ2223A0016 UBN NO PEZ2223GLSOB00016

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत — सरपंच ग्राम पंचायत दादिया

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1058-59 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-06.06.2022

श्रीमती लक्ष्मी देवी धर्मपत्नी स्व. श्री गीगाराम, वार्ड नं. 24, सुरानी बाजार के पास, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.24 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में भूमि श्री सोहनलाल शर्मा की, पश्चिम में आवास श्री पुरुषोत्तम दर्जी एवं सिंह रघुवीर ठाकुर का व 4'-3" चौड़ा शामिलाती प्रवेश द्वार व आगे आम रास्ता एवं उसके आगे आवास आवास श्री छीतरमल चौधरी का, उत्तर में आवास श्री शांती लाल चोधरी का एवं दक्षिण में आवास श्री मोहन लाल सैनी व आवास श्री कालूराम सैनी का होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 23'.6" + 7' -6" दक्षिणी भुजा 31'-0" उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 35'-3" एवं पश्चिमी भुजा 6'.9" + 28' -6" होकर कुल रकबा 81.66 वर्ग मीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 06.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1062-63 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-06.06.2022

श्री सिंह रघुवीर ठाकुर पुत्र स्व. ठाकुर सिंह, श्री पुरुषोत्तम दर्जी पुत्र स्व. श्री बालुराम, जाति दर्जी, वार्ड नं. 24 सुरानी बाजार के पास, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.24 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में आवास श्री गीगाराम सैनी का, पश्चिम में आम रास्ता व आगे आवास श्री छीतरमल चौधरी का, उत्तर में आवास श्री शांतीलाल चौधरी का एवं दक्षिण में प्रवेश द्वार श्री गीगाराम, मोहन लाल, कालुराम सैनी का होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 44'.6" दक्षिणी भुजा 16'.0" + 28' -6" उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 24'-3" एवं पश्चिमी भुजा 25'.6" होकर कुल रकबा 103.76 वर्ग मीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 06.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर